## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लटकती विद्युत तारें बनी है परेशानी का सबब

# खतरे की अनदेखी : झूलती-लटकती एवं पोलों में तारों का मकड़जाल से हादसे का रहता है डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिजली जितनी सुविधाजनक एवं उपयोगी है उतनी ही खतरनाक भी है। विद्युत विभाग की लापरवाही कई बार लोगों के लिए बहुत भारी पड़ती है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में झूलती विद्युत तारों और खुली डीपी (वितरण ट्रांसफार्मर) से लोगों को गंभीर हादसों का खतरा बना हुआ है। अवैध कालोनियों में तो हालत और भी भयावह है। इन कालोनियों में विद्युत पोल नहीं होने से लोग बांस एवं बल्ल्यिों के सहारे ही विद्युत लाइनें खींचकर अपने घरों तक ले जाते हैं। बांस एवं बल्लियों के लचक जाने से चालू विद्युत लाइनें बिल्कुल नीचे लटक जाती है और हादसों का कारण बनती हैं। सड़क किनारे लगी खुली डीपियाँ भी हादसों को खुला न्योता दे रही हैं, क्योंकि वे बिना किसी घेराव या सुरक्षा के हैं, जिससे बच्चों और राहगीरों के लिए बड़ा जोखिम पैदा होता है। विद्युत लाइनों की चपेट में आने से पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है। लोगों का कहना है कि झूलती तारों एवं खुली डीपी की शिकायत कई बार बिजली विभाग से की जाती है लेकिन



कर्मचारी एवं अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देते।

शहर के बरही रोड, गर्ग चौराहा से लेकर घंटाघर, जालपा मढिय़ा मार्ग, जगन्नाथ चौक तक, यहां से आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मुख्य मार्ग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, गोलबाजार, कारगिल चौक क्षेत्र, हीरागंज से गोल बाजार, गर्ग चौराहा से कारगिल चौक, विश्वकर्मा पार्क क्षेत्र, मोहन टॉकीज रोड, आदर्श कॉलोनी से नई बस्ती मार्ग, गर्ग चौराहा से नईबस्ती सहित कॉलोनियों में हालात खराब हैं। बिजली के खंभों से लेकर लोगों के घरों तक मीटरों में हुए कनेक्शनों की तारें झूल रही हैं। खुलेआम मौत को दावत दे रही हैं।

झंडाबाजार में भयंकर तरीके से तारों का मकडज़ाल है। कपड़ा बाजार से लेकर यह हालात आजाद चौक तक हैं। यह मार्ग शहर में आयोजित होने वाले गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव सहित अन्य बड़े आयोजनों का शोभायात्रा मार्ग है, इसके बाद भी तारों को व्यवस्थित नहीं कराया गया। गणेश विसर्जन के दौरान कई बार मूर्तियां फंसी, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया।

बिजली कंपनी के द्वारा 2018-19 में अहमदाबाद की तर्ज पर शहर के मुख्य मार्ग में फैले तारों के मकडज़ाल को अंडरग्राउंड करने के लिए योजना बनाई गई थी। मिशन चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक की लाइन को अंडर ग्राउंड किया जाना है, लेकिन सालों बाद भी जिली कंपनी के अधिकारी इस योजना पर काम नहीं कर पाए हैं। मुख्य लाइन के अंडर ग्राउंड हो जाने से तारों के मकडज़ाल से मुक्ति मिलती तो वहीं हादसों को रोका जा सकता है, इसके बाद भी अफसर ध्यान नहीं दे रहे।

शहर में इंटरनेट कनेक्शन देने वाले, टेलीफोन कनेक्शन व डिक्स कनेक्शन करने वाली कंपनी के कर्मचारी मनमाने तरीके से कनेक्शन दे रहे हैं। कहीं पर विद्युत पोल के सहारे तो कहीं पर मुख्य लाइन के सपोर्ट से तारें खींच कर ले जा रहे हैं। आएदिन तारें टूटकर सडक़ों पर गिरती हैं, जिससे बिजली की मुख्य लाइनें भी खिचती हैं। कई बार तारें एक-दूसरे से संपर्क में आ जाने के कारण शॉर्ट-सर्किट का कारण बनती हैं तो वहीं राहगीरों के वाहनों में फंसती है।

## विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के होंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह के नेतृत्व में मानव जीवन विकास समिति और कटनी पुलिस के तत्वावधान मे बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल के सहयोग से सामुदायिक पुलिस 'सृजन कार्यक्रम' एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह 15 दिवसीय कार्यक्रम 22 दिसम्बर से 5 जनवरी तक मानव जीवन विकास समिति बिजौरी मे आयोजित किया जा रहा है।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सृजन कार्यक्रम आत्मरक्षा, लैंगिग सकारात्मक कार्यों एवं नेतृत्व पहल के माध्यम से किशोरों और किशोरियों का सशक्तिकरण करना, समुदाय को आगे बढ़ाने और बदलाव लाने की दिशा मे आत्मविश्वास और कौशल से परिपूर्ण करने हेतु क्षमता निर्माण करना है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम से बच्चों का क्षमता निर्माण किया जायेगा, बच्चों को पढ़ाई की ओर ले जाना, कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान कराना और कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निबंध लेखन, भाषण, वाद विवाद, खेलकूद, चित्रकला, दौड़ आदि गतिविधियों का आयोजन करने पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने यह भी बताया कि साईबर क्राईम, डिजीटल अरेस्ट, आनलाईन चैटिंग से बचे तत्काल पुलिस को सूचना दे।

वहीं थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया गया कि बच्चों डरो नहीं, हम आपके साथ है। आपको जागरूक होना है, ताकि आपके घर, परिवार, मुहल्ले और गांव मे अनाधिकृत गतिविधियां नही होने पाये। जबकि सहायक उप निरीक्षक रामगोपाल दुबे ने बताया कि सृजन कार्यक्रम के माध्यम से किशोरों और किशोरियों को सशक्त करने का काम किया जायेगा। आरक्षक विकास कुमार मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बच्चों को बताया कि पढ़ाई करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दीपक कुशवाहा ने फेसबुक, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया उपयोग को लेकर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम मे 38 किशोरों और 40 किशोरियों ने भाग लिया।

### खबर संक्षेप



## आधार पंजीयन शिविर में मनमानी से लोग परेशान

**सिलौड़ी।** कलेक्टर के निर्देश पर छात्र छात्राओं और आम जनता के लिए 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक उप तहसील भवन में आधार कार्ड पंजीयन शिविर चलना था परन्तु अभी तक सिर्फ 2 या 3 दिनों तक ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर चालू रहा है। ग्रामीण जन रोज आते रहे लेकिन भटकाव के आलावा कुछ नही हो रहा है। छात्र छात्राओं पढ़ाई बंद कर रोज आधार कार्ड पंजीयन शिविर में लाइन लगा रहे है परंतु कुछ भी कार्य नही होने से जनता परेशान हो रही है। लोगों अपना काम बंद कर आधार कार्ड पंजीयन शिविर में आ रहे है परंतु आधार कार्ड पंजीयन नही होने से निराश हो रही है। लोगो ने नायब तहसीलदार और एसडीएम से भी शिकायत किया परन्तु कोई भी कार्यवाही नही होने से लोगों में रोष व्याप्त है। आधार कार्ड पंजीयन आपरेटर अपनी सुविधानुसार दोपहर 3 बजे आते है जिसके कारण छात्रा को अपने घर वापस होने के कारण आधार कार्ड पंजीयन शिविर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से निर्धारित समय पर आधार कार्ड पंजीयन शिविर चालू करने की मांग की है।

## प्राचार्यों को ओटीआर में प्रगति लाने दिये निर्देश

**कटनी।** नेशनल स्कॉ लरशिप पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के वन टाइम रजिस्ट्रे शन (ओटीआर) में धीमी प्रगति पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पाष्ट कहा है कि नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर ओटीआर 38.19 प्रतिशत पदर्शित हो रही है। ओटीआर में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जिसमे समय-सीमा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभान्वित किया जा सके। कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय-सीमा 2.50 लाख रूपये में कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराया जाना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात भविष्य में भी अगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। जिनके लिये पथक में पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी।

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति चरमराई, लोग परेशान



**उमरियापान।** उमरियापान के झंडा चौक में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बीते दो दिनों से गांव के आधे से ज्यादा हिस्से में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को हैंडपंपों और नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है,जहां पानी भरने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। गांव के मुख्य मार्गों पर केबल लाइन बिछाने के दौरान पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हालांकि पाइप लाइन सुधार कार्य कराया जा रहा है, लेकिन सोमवार देर शाम तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो सका। इसके चलते ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा।

*किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद*

## जिले के लिए नीम कोटेड 734 मीट्रिक टन यूरिया खाद की एक और रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक सोमवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 734 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। इसके पूर्व बीते बुधवार और गुरूवार को भी लगातार एक-एक रैक आई थी। जिससे जिले को कुल 2432 मीट्रिक टन यूरिया मिली थी। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को आसानी से खाद मिल सके।



उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 154 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 60 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 150 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद, सीएमएस ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी और सीएमएस बड़वारा को 25-25 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

## उपार्जन केन्द्र में अवैध वसूली एवं मनमानी की शिकायत



धान खरीदी केंद्रों में किसानों से अधिक मात्रा में तौल एवं अनाप शनाप वसूली करने की शिकायत कलेक्टर एवं विजयराघवगढ़ एसडीएम से की गई है। विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम डोकरिया धवैया के समीप बने विजयनाथ बेयर हाउस में संचालित प्रिय दर्शनीय विपणन सहकारी समिति खरीदी केंद्र क्रमांक 2 में मनमानी की शिकायत की गई है। ग्राम गोहावल निवासी किसान फूलचंद रजक द्वारा आरोप लगाते हुए विजयराघवगढ़ एसडीएम से की गई शिकायत में बताया गया कि उपार्जन केंद्र वेयरहाउस में वह अपनी उपज लेकर गया जहां तुलाई एवं पल्लेदारी का 20 रूपए प्रति क्विंटल, 10 रूपए प्रति क्विंटल सर्वेयर एवं 20 रूपए, कुल 50 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि वसूल की जा रही है। शिकायत में यह भी बताया गया कि हर किसान से इतनी ही राशि वसूली जा रही है। राशि का भुगतान नहीं करने पर किसानों से अभद्र व्यवहार किया जाता है साथ ही उपज की तुलाई एवं खरीदी नहीं किये जाने की धमकी दी जाती है। कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## चीतल का शिकार करने वाले 4 आरोपियों को 3-3 साल की सजा, 50 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

करंट लगाकर वन्य प्राणी चीतल का शिकार करने वाले चार आरोपियों को न्यायालय ने तीन-तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण वर्ष 2017 का था, जिसमें वन विभाग ने चार शिकारियों को पकड़कर उनसे चीतल का शव बरामद किया था।

एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 28 जनवरी 2017 को रात 11 बजे पोंडी कला के खिरवा में गुलजारी लाल यादव (47)ने वन्य प्राणी के शिकार के लिए खेत में बिजली करंट फैलाकर शिकार किया था। 29 जनवरी 2017 को शाम करीब सवा 6 बजे वन विभाग की टीम ने घेराबंदी की और चार आरोपियों को चीतल के शव और टुकड़ों के साथ पकड़ लिया। वन विभाग ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया उनमें गुलजारीलाल यादव (47),दीपक यादव (35), सोनू भूमिया(26) और प्रमोद भूमिया (35) शामिल है। वन विभाग के द्वारा आरोपियों पर वन्य



प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 39 व 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद विवेचना अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। एडीपीओ विनोद सिंह लोधी और वन्य प्रेमी मंजुला श्रीवास्तव की दलीलों से सहमत होकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा की न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने चारों आरोपियों को 3-3 साल की सश्रम सजा सुनाई। आरोपियों पर न्यायालय ने 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

*बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम*

## मानव श्रृंखला बना व रैली निकाल बाल विवाह नहीं करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बहोरीबंद के द्वारा स्लीमनाबाद मै बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने बताया कि जल्दी शादी आपकी पढ़ाई को विराम लगा देगा जिस से आपके खुद के पैरों पर खड़े होने का स्वप्न अधूरा रह जाएगा। आप आत्म निर्भर नहीं बन पाएंगी और परिवार , समाज को आप जो योगदान देना चाहती है वह पूरा नहीं होगा। बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज मे इस कुप्रथा का स्वरूप भयावह है। इसलिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा ओर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करना है। लडके व लड़कियो का सही उम्र मे ही विवाह कराये। लडके की उम्र 21 वर्ष ओर लड़की की उम्र 18 वर्ष हो जाये तभी विवाह करें। बाल विवाह की रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा 9,10,11एवं 13 के तहत बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक का कारावासअथवा एक लाख रूपये का जुर्माना लगेगा।



महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफार्म है जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने ओर अन्य जानकारी प्रदान करने मे सक्षम बनाता है। बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक ग्राम भ्रमण रैली भी निकाली गई जिसमें किशोर-किशोरियों ने हाथों में संदेशात्मक पोस्टर लेकर बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। रैली उपरांत मानव श्रंखला बनाकर सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह न करने सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत महाविद्यालय के छात्रों को कराया गया भ्रमण

## ड्रेगन फ्रूट की खेती एवं पुरातात्विक स्थल तिगवां का विद्यार्थियों ने किया विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉ सरिता पांडे की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया। विजिट के तहत ग्राम बिचुआ मैं ड्रैगन फ्रूट हाइब्रिड फसल का अवलोकन करवाया गया।साथ ही बहोरीबंद के प्रसिद्ध ग्राम तिंगवा स्थित भारतीय पुरातत्व स्थल का भ्रमण करवाया गया। ग्राम बिचुआ के फार्म में ड्रैगन फ्रूट की खेती का अवलोकन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीन कृषि पद्धतियों, व्यावहारिक जानकारी एवं अनुभव से परिचित कराना था।



इस दौरान डॉ. सरिता पांडेय ने कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण छात्रों को जमीनी हकीकत समझाने का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे उन्हें नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा मिलती है। ड्रैगन फ्रूट फार्म हाउस के संचालक द्वारा ड्रेगन फ़्रूट की खेती की विधि, लाभ एवं बाजार संभावनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से फल आना प्रारंभ होता है और यह फल डायबिटीज नियंत्रण इम्यूनिटी बढ़ाने पाचन में सुधार तथा हृदय स्वास्थ्यके लिए अत्यंत लाभकारी है।

फार्म हॉउस के सुपरवाइजर सुरेश पाटीदार ने बताया कि एक एकड़ भूमि पर ड्रेगन फ्रूट की खेती पर 6-7 लाख रूपये का खर्चा आता है। साथ ही आमदनी दोगुनी हो जाती है। यह चार माह की खेती है। ड्रेगन फ्रूट का पौधा एक सीजन में 3 से 4 बार फल देता है। प्रत्येक फल का वजन लगभग 300 से 700 ग्राम होता है। एक पौधे पर 50 से 100 फल लगते है। ड्रेगन फ्रूट के पौधे की आयु 20 वर्ष तक की रहती है। ड्रेगन फ़्रूट उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो मधुमेह, कार्डियो-वैस्कुलर और अन्य तनाव संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं और प्राकृतिक उपचार को प्राथमिकता देते हैं। ड्रैगन फ्रूट कॉलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। शुगर डायबिटीज़ के रोगियों के लिए फायदेमंद है। ड्रैगन फ्रूट फाइबर युक्त होता है, जो आपके शरीर में जरूरी पोषक तत्व की कमियों को पूरा करता है।इसके सेवन से कार्डियोवैस्कुलर रोग होने का खतरा काम हो जाता है।

### पुरातत्व स्थल का जाना महत्व

स्लीमनाबाद महाविद्यालय का दल बहोरीबंद के प्रसिद्ध पुरातत्त्व स्थल तिंगवा पहुँचा। जहाँ 5 वीं सदी के बने माँ शारदा व कंकाली मंदिर का भ्रमण किया गया। साथ ही वहाँ के महत्व के बारे मै जाना गया।

इस दौरान डॉ अनिल शाक्य, डॉ प्रीत नेगी,डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीति यादव, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ आशुतोष सोनी,डॉ भारती यादव, सत्येंद्र सोनी,अंजना पांडेय, कमलेश चौधरी सहित महाविद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



## जिले के दृष्टि दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित 14वीं नेशनल जूडो प्रतियोगिता में कटनी जिले के सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के पाँच दृष्टि दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पाँच खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में आरुष ठाकुर ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक अपने नाम किया। वहीं अजय पटेल ने कांस्य पदक, सागर सिंह ने कांस्य पदक तथा आकाश सिंह ने कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता को और मजबूती दी। वहीं पाँचवाँ खिलाड़ी भी पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में उतरा और टीम का मनोबल बढ़ाया।

## खबर संक्षेप

### दुकानदारों पर 3900 का किया गया स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों तथा डस्टबिन का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाकर सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार सख्ती दिखाई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी श्रृंखला में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार शाम उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के बाजार स्थलों में अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर कचरा फेंकने तथा अमानक पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध 3 हजार 900 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के समय स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक अग्निहोत्री, वार्ड दरोगा राकेश कुमार निगम ,दीपक जानोकर, विनय अरखेल, सुरेंद्र नाहर, सोहन शंभू , सुशील मलिक लीलाधर ,अनिल,फूलचंद आदि कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### शहर में विभिन्न स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव

**कटनी।** वर्तमान में शहर में रात के न्यूनतम तापमान में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। रात में ठंड़ से बचाव के लिए कटनी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलानें हेतु जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था रोजाना की जा रही हैं। जिससे आम नागरिकों को सर्दी से राहत मिल रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा बढ़ती सर्दी से शहर के नागरिकों को राहत देने के लिए विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने के लिए निर्देश दिए गए है। उसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में अनेक सार्वजनक जगहों एवं चैराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। जिसमें रविवार शाम चांडक चौक जगन्नाथ मंदिर, आजाद चौक, बस स्टैंड, रैन बसेरा, फायर ब्रिगेड कार्यालय, आर.पी.एफ थाना, रेलवे स्टेशन चौराहा, अंजुमन स्कूल के सामने, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। बढ़ती ठंड के मद्देनजर यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

### दिव्यांग छात्रों ने किया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का शैक्षिक भ्रमण

**कटनी।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन कटनी द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग छात्रों को मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी और चिड़ियाघर का एक्सपोजर टूर कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण के लिए कुल 39 दिव्यांग छात्रों का चयन किया गया था, जिन्होंने हाल ही में आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किया था। इन छात्रों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षकों ने भी भ्रमण में भाग लिया। जितेन्द्र दुबे, समावेशी शिक्षा समन्वयक, और डॉ. सचिन श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में इस दल ने मुकुंदपुर पहुंचकर वन्य प्राणियों को बहुत करीब से देखा। भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न प्रकार की शैक्षिक जानकारियाँ प्रदान की गईं। वन्य प्राणियों और विशेष रूप से सफ़ेद बाघ को नज़दीक से देखने का अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। छात्रों ने प्रकृति और वन्य जीवन के प्रति गहरी रुचि दिखाई।

### समस्याओं के समाधान हेतु ₹सर्विस डेस्क₹ सुविधा प्रारंभ

**कटनी।** प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कागजी कार्यवाही को कम करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और पारदर्शिता बढाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू है। ई-ऑफिस पोर्टल पर कार्य करने में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु एनआईसी द्वारा ₹सर्विस डेस्क₹ सुविधा प्रारम्भ की गई है। इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार एनआईसी सर्विस डेस्क पोर्टल https://servicedesk.nic.in पर संलग्न निर्देशिका के अनुसार विभाग अपनी समस्या दर्ज कर समाधान प्राप्त कर सकते है।

## कलेक्टर ने कहा शिकायतों के निराकरण के प्रति बनें संवेदनशील

# ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर काटे वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी, लंबित पेंशन प्रकरणों एवं धान उपार्जन की समीक्षा की एवं अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदारों को लंबे समय से लंबित नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में जिनका निराकरण बंदोबस्त की त्रुटि की वजह से संभव नहीं है। ऐसी शिकायतों को बंद कराने से पूर्व बंदोबस्त त्रुटि के प्रकरण दर्ज करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान कलेक्टर ने लंबित पेंशन प्रकरणों एवं नगर निगम के भूमि आवंटन प्रस्तावों की भी समीक्षा की।



### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, स्कूल शिक्षा, वन, राजस्व, कृषि, सहकारिता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कुटीर ग्रामोद्योग, सामाजिक न्याय, ऊर्जा विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को क्वालिटेटिव एनालिसिस कर लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा करते हुये अधिकारियों को पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों को बुलाकर वृहद हेल्थ कैंप का आयोजन करने के संबंध में निर्देश दिये। साथ कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा, कृषि, जनजाति, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन विभाग और एमएसएमई विभाग को कार्यक्रम स्थल पर भव्य प्रदर्शनी लगाने हेतु भी निर्देशित किया।

### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

समीक्षा के कलेक्टर ने दौरान समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद व नगर परिषद बरही द्वारा पिछले एक सप्ताह में कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुये ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान बताया गया कि पिछले एक सप्ताह में जिले में 1 हजार 552 अपार आईडी बनाई गई है। इसी प्रकार सीएमएचओ डॉ. राजसिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि जिले में पिछले एक सप्ताह में लगभग 700 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमचओ को कार्ययोजना बनाकर जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

### धान उपार्जन की समीक्षा

उपार्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में उपार्जन का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। अब तक शासन द्वारा 250 करोड़ रूपये के ईपीओ जेनरेट किये जा चुके हैं। वहीं जिले के किसानों को अब तक 179 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। कलेक्टर ने आगामी उपार्जन को देखते हुये आवश्यकता पड़ने पर कांटों की संख्याा बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने सिकमी किसानों का भी शीघ्र सत्यापन करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सभी डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सिविज सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## विद्यार्थियों को कॉलेज प्रवेश, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

मप्र उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के परिपालन हेतु शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह एवम् नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशन में महाविद्यालय के डॉ सुजीत सिंह एवं डॉ ब्रजेश पांडेय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा, बापू वनवासी उच्च. माध्यमिक विद्यालय विलायतकला एवं मां वैष्णो उच्च. माध्यमिक विद्यालय विलायतकला में कक्षा 12 वी के वाणिज्य , विज्ञान, कला संकाय के विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए जानकारी प्रदान की एवं शासन की कई नई योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर उक्त शालाओं के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक तथा अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। 19/12/2025 को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भजिया, में कॉलेज चलो अभियान के तहत 12 वीं कक्षा (आर्ट्स,कामर्स,व साइंस) में अध्यन्नरत छात्र-छात्राओं को शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रकिया, एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला,नियमित कक्षा अध्यापन, खेल प्रकोष्ठ, व महाविद्यालय में संचालित नियमित कोर्सों के बारे में सुचारू रूप से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन में महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामनरेश वर्मा (राजनीति शास्त्र),डॉ. रामकिशोर आर्य (ग्रंथपाल) एवं सर्वोदय उ0मा0 विद्यालय, भजिया प्राचार्य राजकुमार गुप्ता ,प्रध्यापक अनिल सिंह सौलंकी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों व स्टॉफ का सहयोग सराहनीय एवं उत्तम रहा।

## बेजा खनन से नदी, नालों का बिगाड़ा जा रहा प्राकृतिक स्वरूप

# मनमाने तरीके से किया जा रहा है रेत का उत्खनन एवं परिवहन, जिम्मेदार उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुघरी, टोपी, शुक्ल पिपरिया, छोटा कछारगांव एवं पोड़ी खुर्द में अवैध रेत उत्खनन खुले आम चल रहा है। नदियों और नालों से बिना किसी अनुमति के रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अवैध रेत उत्खनन के कारण नदी - नालों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है । बरसात के मौसम में यही गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं।



इसके साथ ही खेतों की मेड़ें टूट रही हैं और जलस्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध रेत परिवहन में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भारी वाहनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गांवों की कच्ची-पक्की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। रात के अंधेरे में रेत से भरे वाहन धड़ल्ले से निकलते हैं, लेकिन न तो खनिज विभाग की टीम नजर आती है और न ही पुलिस की कोई ठोस कार्रवाई देखने को मिलती है। ग्रामीणों ने कई बार मौखिक रूप से शिकायतें कीं, परंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया । इससे आमजन में रोष व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है। नियमों के अनुसार बिना वैध अनुमति के रेत उत्खनन करना अपराध की श्रेणी में आता है, लेकिन क्षेत्र में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक मूक दर्शक बना रहता है और कब अवैध रेत उत्खनन पर लगाम लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करता है । क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है ।

### इनका कहना हैं

खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित का कहना है कि जहां भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है वहां पर कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षकों को आंग्ल भाषा का दिया गया प्रशिक्षण



जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी शिक्षकों को आंग्ल भाषा की नवीन विधियों एवं तकनीकों से परिचित कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डाइट कटनी में अंग्रेजी भाषा के 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में प्राचार्य एम पी डुंगडुंग ने कहा कि अब समय आ गया है कि शिक्षक अंग्रेजी शब्दों के अर्थ हिंदी में बताने के साथ ही हर दिन कम से कम दस हिंदी शब्दों के लिए प्रयोग होने वाले अंग्रेजी शब्द पूछें ताकि शब्दकोश बढ़ने से बच्चे आंग्ल भाषा में संवाद कर सकें। अँग्रेजी भाषा प्रशिक्षण प्रभारी उमाशंकर सैनी ने बताया कि अँग्रेजी भाषा के तीनों चरणों के प्रशिक्षण में 58 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी राजेन्द्र असाटी ने प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालयों में अंग्रेजी भाषा में संवाद को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षकों एवं बच्चों को छोटे–छोटे निर्देश अंग्रेजी भाषा में देने, प्रतिदिन एक पृष्ठ अंग्रेजी लेखन के साथ ही शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा में लिखी गई कुछ पुस्तकों जैसे द एटॉमिक हैबिट्स, पावर ऑफ सबकांशियस माइंड, द कंपाउंड इफेक्ट पढ़ने का सुझाव दिया ताकि अंग्रेजी भाषा पढ़ने के उद्देश्य प्राप्त हो सकें।

# अवैध उत्खनन की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

नियमों को ताक पर रखकर नदियों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। तय क्षेत्रफल से अधिक एरिया में रेत का उत्खनन मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है जिस पर जिला एवम खनिज विभाग के अधिकारियों का नियंत्रण नही रह पाया है। अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कलेक्टर एवम उप संचालक खनिज को सौंपे शिकायती पत्र में 06 विन्दुओं पर शिकायत पत्र सौंपते उल्लेख करते हुए लिखा है। नदी से किसी वैध अनुमति के खुलेआम अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। नदी के बीचो-बीच अवैध रैंप बनाकर मूल जलधारा में परिवर्तन किया गया है जो कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, खनिज नियमों एवं एनजीटी के स्पष्ट निर्देशों का खुला उल्लंघन है।



शिकायती पत्र के माध्यम से बताया गया है कि खनिज विभाग के अधिकारी एवं कुछ प्रशासनिक अधिकारी ठेकेदार से मिलीभगत कर शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुँचा रहे हैं। शिकायती पत्र पर निम्न बिन्दुओं पर मांग की गई जिसमें 1.संबंधित स्थलों पर तत्काल संयुक्त जांच दल गठित कर अवैध रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। 2. नदी के बीच बनाए गए अवैध रैंप तत्काल हटवाए जाएं एवं जलधारा को पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए। 3. अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों/माफियाओं पर एफआईआर दर्ज की जाए। 4. अवैध रेत स्टाक को तत्काल जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। 5. इस पूरे प्रकरण में लापरवाही व मिलीभगत बरतने वाले खनिज विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाए। 6. पर्यावरणीय क्षति का आकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति वसूली की जाए।

## महापौर ने कहा विकास कार्यों के बाद मिलेगी वार्डवासियों को सुविधाएं

# मदन मोहन चौबे वार्ड में 13 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर विकास के क्रम में मदन मोहन चौबे वार्ड में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य तथा क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुशीला मिश्रीलाल एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआई सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू सहित पार्षद सुमित्रा रावत, प्रभा गुप्ता, शशिकांत तिवारी, उमेंद्र अहिरवार व अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वार्डों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कर नगर के समुचित विकास हेतु संपन्न भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर के पास लगभग 2 लाख 50 हजार की लागत से रोड निर्माण कार्य एवं मदन मोहन चौबे वार्ड के विभिन्न स्थानों में 5 लाख रुपये की लागत से नाला कवरिंग कार्य, सहित बंधवा टोला क्षेत्र में कुआं के पास 6.50 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण के विकास कार्य शामिल है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुविधा सुदृढ़ होगी एवं जल निकासी की समस्या के समाधान होने से स्थानीय नागरिकों को सुचारू सफाई व्यवस्था भी मिल सकेगी।



भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा क्षेत्रीय पार्षद को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्यों हेतु निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर श्रीमती सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता में शामिल है। विकास कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, नागरिकों की प्राथमिकता एवं सुविधाओं को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान अपने क्षेत्रीय नागरिकों से विकास कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया। महापौर श्रीमती सूरी सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर में माँ के दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया एवं विकास की कामना की।

## आटो एवं ई रिक्शा में सुरक्षा सफर के लिए अभिनव पहल

# चालकों का डाटा संग्रहित कर लगाया क्यूआर कोड स्टीकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कटनी पुलिस द्वारा "आपका सारथी कौन" नामक अभिनव अभियान की शुरुआत की गई है। यह पहल जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों—कटनी, कटनी मुडवारा एवं कटनी साउथ—पर प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य ऑटो रिक्शा यात्राओं को सुरक्षित, भरोसेमंद एवं पारदर्शी बनाना है।अभियान के तहत जिले के सभी ऑटो रिक्शा चालकों का डाटा संकलित कर उन्हें एक विशिष्ट चालक क्रमांक प्रदान किया गया है, जिसे उनके वाहन क्रमांक से जोड़ा गया है। प्रत्येक ऑटो में QR कोड युक्त स्टीकर लगाया गया है, जिसके माध्यम से यात्री चालक का नाम, मोबाइल नंबर देख सकते हैं और QR कोड स्कैन कर सीधे पुलिस को फीडबैक या शिकायत भेज सकते हैं।अक्सर यात्रियों को चालक की पहचान न होने के कारण यात्रा के दौरान सामान छूटने या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान एवं यात्रियों में सुरक्षा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है।



अभियान की प्रमुख विशेषताओं में प्रत्येक ऑटो में चालक की पहचान संबंधी स्टीकर, चालकों के लिए खाकी यूनिफॉर्म एवं यूनिक बैच नंबर शामिल हैं। QR कोड के माध्यम से यदि कोई चालक शराब के नशे में वाहन चलाता है, लापरवाही से ड्राइविंग करता है, अधिक किराया मांगता है या यात्रियों से दुर्व्यवहार करता है, तो उसकी शिकायत सीधे कटनी पुलिस तक पहुंचेगी। जांच के उपरांत संबंधित चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।वहीं ईमानदारी, अनुशासन एवं जिम्मेदारी से कार्य करने वाले चालकों को कटनी पुलिस द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर चालकों को यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग को लेकर जागरूक किया गया।कटनी पुलिस की यह पहल यात्रियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के साथ-साथ ऑटो चालकों में अनुशासन एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ करेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय सहित आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 से 31 दिसंबर 2025 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन और कृषकों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है।.

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ प्रारंभ की गई। इस अवसर पर केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों डॉ आर के मिश्रा, वैज्ञानिक (पशुपालन विज्ञान),डॉ यति राज खरे वैज्ञानिक (कृषि विस्तार)डॉ शशि गौर, वैज्ञानिक (खाद्य विज्ञान),डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, वैज्ञानिक (पौध प्रजनन एवं आनुवांशिकी) ,डॉ आर पी बैन वैज्ञानिक (कृषि विस्तार),डॉ के पी द्विवेदी, वैज्ञानिक (कृषि वानिकी), श्रीमति प्रियंका धुर्वे (कंप्यूटर विज्ञान) ,डॉ संदीप चंद्रवंशी वैज्ञानिक (मौसम विज्ञान), एवं कर्मचारियों तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने की शपथ ली।




वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वच्छता को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की जानकारी दी गई। कचरे से खाद , स्वच्छता जागरूकता दिवस, कार्यालय के अंदर एवं बाहर साफ सफाई, पौधारोपण सामाजिक सहभागिता, किसान दिवस, , सामुदायिक स्थान की साफ सफाई, स्कूलों में साफ सफाई को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आदि कार्य किए जाएंगे। स्वच्छता केवल एक पखवाड़े का औपचारिक कार्य नहीं है, इसे अपने आचरण में शामिल करना होगा।

खबर संक्षेप

## खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सृजन संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय चौबे सम्मानित

**खजुराहो।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सृजन संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय चौबे को आयोजक राजा बुंदेला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि पहाड़ी हीराजू निवासी संजय चौबे ने विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं एवं एनजीओ के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की आय वृद्धि हेतु उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। आजीविका मिशन के साथ समन्वय कर उन्होंने सृजन संस्था के माध्यम से 30 कृषि साखियों को प्रशिक्षित किया, जिनके द्वारा समूह की महिलाओं को मल्टिलेयर मॉडल अपनाकर सब्जी उत्पादन हेतु प्रेरित किया गया। जिससे हजारों महिलाओं की आय में वृद्धि हुई और कुछ महिलाओं की वार्षिक आय 50,000 से 70,000 तक पहुँच गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने लगभग 18 समूह सदस्याओं को पशु चिकित्सा एवं बकरी पालन का प्राथमिक प्रशिक्षण देकर 'पशु सखी' बनाया, जो घरेलू एवं दुधारू पशुओं का उपचार कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। वर्तमान में राजनगर क्षेत्र की 10,000 से अधिक महिलाएँ उनकी संस्था से जुड़कर लाभान्वित हो रही हैं।

### मुख्यमंत्री ने की चीतों के टाईगर रिजर्व पहुंचने की घोषणा

# जुलाई तक टाईगर रिजर्व में आयेंगे चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



पिछले दिनों मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में हुई थी. ये कैबिनेट बैठक बुंदेलखंड को केंद्र में रखकर हुई थी। इस कैबिनेट बैठक में बुंदेलखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर मुहर लगाई गई थी। इसी बैठक में यह तय हुआ था कि अफ्रीकन चीतों के तीसरे घर नौरादेही टाइगर रिजर्व में जुलाई 2026 में चीते पहुंचेंगे। चीता प्रोजेक्ट के अधिकारी और भारतीय वन्यजीव संस्थानों के विशेषज्ञों ने अप्रैल 2025 माह के अंत में नौरादेही टाइगर रिजर्व का दौरा किया था। इस दौरान चीतों को बसाने के लिए किए जाने वाले सारे जरूरी काम के बारे में नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन को निर्देश दिए थे. जिनके आधार पर प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा गया था।

### राज्य सरकार ने जारी की पहली किस्त

नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीता बसाने के लिए जरूरी कामों के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने के बाद राज्य सरकार ने निर्माण कार्यों के लिए 5 करोड़ 20 लाख की पहली किश्त जारी कर दी है। इसके तहत यहां पर सॉफ्ट रिलीज बोमा, 4 क्वारंटाइन बोमा, 20 किमी लंबी फेंसिंग के अलावा अगले चरण में तालाब और घास के मैदान विकसित किए जाएंगे. पहले चरण में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए टेंडर हो गए हैं और एजेंसी तय हो गई है।

### पहले चरण के निर्माण कार्य

राज्य सरकार द्वारा जारी 5 करोड़ 20 लाख की पहली किश्त में जो कार्य होना है, उनको पूरा करने का लक्ष्य मार्च 2026 रखा गया है। सॉफ्ट रिलीज बोमा- 100-100 हेक्टेयर में 4 एसआर बोमा बनेंगे। क्वारंटाइन बोमा - 50-50 हेक्टेयर में 4 क्वारेंटाइन बोमा बनेंगे। फेंसिंग - करीब 20 किमी फेंसिंग का काम भी शुरू हो गया है।

### मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद नई डेडलाइन

नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन के डिप्टी डायरेक्टर डॉ ए ए अंसारी ने बताया, ?मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव में खजुराहो में, नौरादेही में चीतों के पहुंचने की घोषणा की है. जुलाई माह में 3 से 4 चीते नौरादेही आएंगे. इसकी तैयारियों के मद्देनजर वन मुख्यालय भोपाल और कूनो से चीता प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने दौरा करके तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं हालांकि, हमने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है और आगामी मार्च 2026 तक प्रमुख काम पूरे हो जाएंगे. इसके अलावा जो जल स्रोत विकसित करने का काम है, गर्मी के सीजन में ये काम शुरू होगा और मई 2026 तक काम पूरा कर लिया जाएगा. ताकि बारिश होने पर जल स्त्रोत में पानी आ जाए, जहां तक घास के मैदान विकसित करने की बात है, तो जैसे-जैसे विस्थापन होता जा रहा है. वहां वहां घास के मैदान विकसित किए जाएंगे. घास के मैदान विकसित करने का काम बारिश में होगा. वैसे पहले से ही हमारे यहां काफी बड़े-बड़े घास के मैदान हैं।

### 2010 में जब अभ्यारण्य था नौरादेही, तभी हो गया था चयन

जहां तक नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को बसाने की बात की जाए, तो 2010 में जब अफ्रीकन चीतों को भारत लाए जाने का फैसला किया गया था. तब मध्य प्रदेश के सबसे बड़े वन्य जीव अभ्यारण्य के रूप में जाने जाने वाले नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य का सर्वे किया गया था। तभी तय हो गया था कि भविष्य में जब अफ्रीकन चीतों को भारत लाया जाएगा, तो उन्हें नौरादेही में भी बसाया जाएगा. इसी बात को ध्यान में रखते हुए नौरादेही को पहले राष्ट्रीय बाघ संरक्षण योजना में शामिल किया गया। फिर 2019 में नौरादेही में बाघ किशन और बाघिन राधा को छोड़ा गया. बाघ और बाघिन की आमद के बाद इधर बाघों की संख्या बढ़ने लगी। अक्टूबर 2022 में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा दे दिया गया. फिलहाल यहां पर बाघों की संख्या 26 पहुंच चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक बाघों की संख्या अधिक भी हो सकती है और दूसरे वन्यप्राणियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। भविष्य की पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए यहां सुविधाएं विकसित की जा रही हैं और अब चीतों के तीसरे घर के रूप में पहचान दिए जाने की तैयारियां तेज हो गई है।

### आज जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची....

# मतदाता सूची से मृत और प्रवासी बाहर, 6197 हजार नाम कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

चुनावी बिसात बिछने से पहले ही एक बड़े सर्जिकल स्ट्राइक ने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। प्रशासन द्वारा किए गए एसआईआर सर्वे के पूरा होने के बाद हटा विधानसभा की मतदाता सूची का जो नया स्वरूप सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। जहां विधानसभा में किए गए इस गहन सत्यापन के बाद कुल 6 हजार 197 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं।यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक ऐसा आंकड़ा है जो हार और जीत के बीच का अंतर तय करने की क्षमता रखता है। पहले कुल 2 लाख 25 हजार 517 मतदाता दर्ज थे। गहन जांच और घर-घर जाकर किए गए सत्यापन के बाद अब तस्वीर बदल चुकी है।

विधानसभा की मतदाता सूचियों से कुल 6197 नाम हटाए गए। हटाए गए नाम मृत व्यक्तियों स्थाई रूप से स्थानांतरित दो स्थानों पर नाम प्रविष्टियों और लंबे समय से संपर्क में ना आने वाले मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि मतदाता सूची को सटीक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए हर स्तर पर जांच घर-घर जाकर सत्यापन और डिजिटल मिलान किया गया है कुछ मतदाताओं का पुराना रिकॉर्ड नहीं मिला ऐसे मामलों पर अगले चरण में दोबारा काम होगा। विधानसभा हटा के समस्त मतदान केंद्रों से गणना प्रपत्र जमा करने वाले 2,45,820 हैं एवं मृत मतदाता जो अब तक सूची में रहे उनकी संख्या 3021 और स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोग की संख्या 1903 हैं। अज्ञात/लापता मतदाता की संख्या 789 हैं। दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता 484 हैं। सर्वे ने उन लोगों को भी बेनकाब कर दिया है, जिन्होंने विधानसभा के साथ-साथ दूसरे स्थानों पर भी अपने मतदाता पहचान पत्र बनवा रखे थे। यह सीधे तौर पर चुनावी नियमों का उल्लंघन है। वहीं, 789 मतदाता ऐसे मिले जिनका कोई अता-पता नहीं है। ये अज्ञात वोटर अक्सर चुनाव में कहीं ना कहीं अपनी भूमिका निभाते थे, लेकिन अब डिजिटल शुद्धिकरण के कारण यह संभव नहीं होगा।

### मृत और प्रवासी मतदाताओं का वोट बैंक हुआ खत्म

सर्वे में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ऐसे मतदाता जो अभी कागजों पर जीवित थे, जिनकी मृत्यु पहले हो चुकी है। चुनाव के दौरान अक्सर इन नामों पर फर्जी मतदान की शिकायतें आती रही हैं। इसके अलावा हजारों लोग जिले को छोड़कर स्थायी रूप से बाहर जा चुके हैं, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची की शोभा बढ़ा रहे थे। प्रशासन द्वारा इन नामों को हटाए जाने के बाद अब चुनावी मैदान में जीतने वाले प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ना तय है।

### कैसे बदलेगा सियासी रंग-

पिछले चुनावों में कई प्रत्याशी 5 से 10 हजार वोटों के अंतर से जीते थे। अब जबकि 6 हजार 197 वोट कटे हैं, तो जीत-हार का यह समीकरण पूरी तरह बदल जाएगा। राजनीतिक दलों को अब अदृश्य वोटों के बजाय जमीन पर मौजूद मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा। बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए अब चुनौती बढ़ गई है। उन्हें अब केवल वास्तविक निवासियों को ही मतदान केंद्र तक लाना होगा अब जब मतदाता सूची 'फिल्टर' हो चुकी है, तो आगामी चुनावों में जनता का असली फैसला सामने आएगा। अब देखना यह है कि इस नई सूची के आधार पर राजनीतिक दल अपनी बिसात कैसे बिछाते हैं।

## नयागांव में ग्रामीणों से रूबरू हुये कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर के तहत आज रात विकासखंड दमोह की ग्राम पंचायत अधरोटा के *आदिवासी बाहुल्य* ग्राम नयागांव पहुंचे और सीधे ग्रामवासियों से रूबरू हुए। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा आधार कार्ड सभी के बने है, जिनके नहीं बने है या सुधार होना है कलेक्टर कार्यालय आ जाए उनके आधार में सुधार कराया जाएगा। राशन पर्ची की शिकायतों को सुना। सुषमा की राशन पर्ची को देखा और संबंधित अधिकारी को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जाति प्रमाण पत्र बनवाने का काम किया जाएगा। आप सचिव को अपने दस्तावेज दे दें कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा 37 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बन जाएं सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों के आवेदनों की सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने इस दौरान प्रत्येक आवेदनों पर सुनवाई की। रवि गौड़ की निशक्तता पर इलाज के लिए कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इन्हें दमोह लेकर आए, इनका चेकअप कराकर इलाज कराया जाएगा। इस अवसर पर सी. ई. ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम आर एल बागरी, जीएम जल निगम गौरव सराफ, डीईओ ट्राईवल अदिति शांडिल्य, सीईओ जनपद दमोह हलधर मिश्रा,नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं, ग्रामीणजन मौजूद थे।

# स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का दमोह नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में संपूर्ण भारतवर्ष में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा जो कि मप्र सहित दमोह में भ्रमण नगर पालिका से स्टेशन चौक कचौरा घंटाघर आंबेडकर चौक मानस भवन प्रांगण पहुंची दमोह नगर में प्रवेश अगुवानी कैट टीम दमोह ने दमोह के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी हेमंत मलैया की उपस्थिति में की रथ का नगर भ्रमण कराया एवं मानस भवन प्रांगण में पहुंचकर सभा का आयोजन किया। सभा में अतिथि श्री विवेक शेंडे जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रंजिता गौरव पटेल, जनपद सदस्य श्रीमती संगीता श्रीधर, सामाजिक सद्भाव विभाग प्रमुख चंद्रभान पटेल ने प्रदेश मंत्री राकेश अग्रवाल ने अपने अपने स्वदेशी संकल्प और स्वदेशी पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण से हुई जिला अध्यक्ष प्रमोद बजाज ने स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के विषय में एवं अतिथि स्वागत में उद्बोधन किया।

राकेश अग्रवाल ने कहा कि हे अपने दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को ब्रांड में न फसकर स्वदेशी उत्पाद पर अपनी प्राथमिकता रहनी चाहिए, जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपील की कि जब भी बाजार जाए दुकानदार और उपभोक्ता वो स्वदेशी मांगे और दुकानदार भी स्वदेशी उत्पाद का विकल्प बताए अतिथि श्री विवेक शेंडे जी ने कहा कि स्वदेशी एक अभियान नहीं एक विचार है जो जन जन तक पहुंचे इस उद्देश्य से हर वर्ग को अपने स्तर से प्रयास करते रहना चाहिए और यह विचार हमें मां भारती के लिय अपने लिए अपने स्वाभिमान के लिय आवश्यक है। इस अवसर पर कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बजाज कोषाध्यक्ष पदम इटोरिया, महामंत्री जुगल अग्रवाल, नरेंद्र जैन इंद्र श्री, विष्णु गुप्ता, लक्ष्मी अग्रवाल, कन्हैया करवानी, अनंत अग्रवाल, संगठन मंत्री मनोज आहूजा, नरेश खत्री, सुशील जैन, मनीष जैन, स्वदेशी जागरण मंच प्रांत सह महिला प्रमुख डॉ सोनल राय, बृजेंद्र राठौर विभाग संयोजक, डॉ मोनिका पालीवाल, उधम सिंह ब्रजेश सेन ऋतु अग्रवाल जी डॉ प्रिया श्रीवास्तव कंचन असाटी एवं सभा में के सी अग्रवाल, सत्य प्रकाश असाटी, अनिल अग्रवाल, गरिमा त्रिपाठी, शैलेंद्र बुंदेला, आशीष जैन, सुधीर असाटी सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी प्रेमी गणमान्य नागरिक समाजसेवी की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी संकल्प सदन में कराया गया संचालन कैट महामंत्री जुगल अग्रवाल एवं आभार स्वदेशी जागरण मंच से अनिल खरे ने माना।

## नि:शुल्क शिविर में 253 ग्रामीणों को मिला लाभ



**बनवार।** ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह ने एक सराहनीय पहल की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस के पैरामेडिकल विभाग द्वारा जबेरा तहसील के ग्राम बनवार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के मार्गदर्शन तथा कुलगुरू प्रो. डॉ. पवन कुमार जैन और कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श के साथ ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया जांच जैसी आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं फिजियोथेरेपी सेवाओं ने बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को विशेष राहत प्रदान की। जरूरतमंदों को मौके पर ही निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में विजयंत हॉस्पिटल के डॉ. वेदांत व्यास, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश पटेल सहित पैरामेडिकल विभागाध्यक्ष कमलेश सेन और समूचे स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। आंकड़ों की बात करें तो कुल 253 ग्रामीणों ने पंजीयन कराया, जिनमें 151 महिलाएं और 102 पुरुष शामिल रहे। विद्यार्थियों और स्टाफ के सामूहिक प्रयास से शिविर सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुदूर अंचलों तक निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना रहा—जिसे स्थानीय नागरिकों ने खुलकर सराहा।

## इको क्लब और ओजस क्लब का कार्यक्रम



**हटा।** नगर के शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में ओजस क्लब एवं इको क्लब की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सेन द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर किया गया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा पर्यावरण पर आधारित चित्रकला गीत भाषण एवं नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही ओजस क्लब के माध्यम से छात्रों ने बेहतरीन कार्यक्रम प्रदर्शित किये। विद्यालय में आमंत्रित राजेंद्र सिंह द्वारा छात्रों को कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में केरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इको क्लब प्रभारी रमेश प्रजापति ने बताया कि शासन की योजना के तहत विद्यालय में इको क्लब और ओजस क्लब का गठन किया जाता है तथा साल भर इससे संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महेश तिवारी, महेंद्र पटेल, प्रवीण नामदेव, डीएल सर, रतना पांडे सहित समस्त शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मदन तंतुवाय द्वारा किया गया।

## 85 वर्ष की आयु में जाहर सिंह लोधी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बनवार।** बनवार क्षेत्र के समीप ग्राम लरगुंवा पटी निवासी वरिष्ठ नागरिक जाहर सिंह लोधी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय से सामाजिक रूप से सक्रिय और सरल स्वभाव के व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।



परिजनों के अनुसार, जाहर सिंह लोधी का निधन वृद्धावस्था के कारण हुआ। वे अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि गांव और आसपास के क्षेत्र में भी शोक का माहौल है। दिवंगत जाहर सिंह लोधी का अंतिम संस्कार ग्राम लरगुंवा पटी स्थित मुक्तिधाम में विधि-विधान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी वर्गों के लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। गांव के बुजुर्गों और परिचितों ने बताया कि जाहर सिंह लोधी अपने शांत, मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन को गांव के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

## किशुनगंज का किया औचक निरीक्षण



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने विकासखंड पथरिया अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेरठ एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर किशुनगंज का औचक निरीक्षण किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर किशुनगंज के निरीक्षण दौरान स्वास्थ्य संस्था बंद पाये जाने पर संबंधित सीएचओ एवं एएनएम को समय पर केन्द्र खोलने एवं मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश दिये गये। साथ ही डॉ. अठया ने यह भी निर्देशित किया कि आमजन को निर्धारित समय पर सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेरठ में निरीक्षण के दौरान सेवा प्रदाता स्टॉफ नर्स, एएनएम एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित पाये गये। डॉ. अठया द्वारा संस्था में प्रदायित सेवाओं की जानकारी ली तथा सेवाओं की गुणवत्ता एवं कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की । प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

## सेक्टर बैठक का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा नवांकुर संस्था महाराणा प्रताप जन कल्याण शिक्षण संघ, द्वारा सेक्टर की पांच समितियां की बैठक का आयोजन किया गया माँ भारती के चित्त पर माल्यापर्ण कर वैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक का उद्देश्य समिति के काम करने वाले विषयो पर जैसे शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण कुपोषण नशा मुक्ति जैविक कृषि शिक्षा स्वास्थ्य परिणाम की जानकारी विकासखंड समंवयक दीपचंद मालवीय तेंदुखेड़ा, जिला समन्वय सुशील नामदेव द्वारा उपस्थित 5 ग्रामो की समितियां से 25 लोगों को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। विस्तार से जन सूचना केंद्र विवेकानंद केंद्र समरसता आदि भावों पर उपस्थित समितियां को मार्गदर्शन दिया गया। इसमें नवांकुर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सेन सचिव राजेंद्र साहू उपाध्यक्ष रीतेश पांडे कोषाध्यक्ष रूपलाल विश्वकर्मा, दशरथ आचार्य जी रामबाबू पटेलसहित ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति के ग्राम सेहरी,पुरा, झलोन, मोहड़, धनेटा पाचो ग्रामों से गोकल प्रसाद खरे, दुर्जन सिंह देवेंद्र यादव रामकुमार राय, गोलू शैलेन्द्र जितेंद्र प्रमोद कैलाश सिंह चंदन पटेल आदि लोग सम्मिलित रहे।।

## दमोह में दोबारा पेपरलेस इलेक्शलन, एकमात्र जिला जिसका हुआ सिलेक्शन

### दमोह का नारा है, पेपरलेस इलेक्श न मे बन रहा रिकार्ड हमारा है —ब्रांड एम्बे सेडर सारिका

पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिये जिला पंचायत दमोह सदस्य के रिक्त वार्ड क्रमांक 10 कुम्हारी के 77 मतदान केन्द्रों पर इंटीग्रेट पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम या पेपर लेस प्रक्रिया से निर्वाचन कराये जा रहे है। इस बारे में आमलोगों को जागरूक करने मध्य प्रदेश राज्यद निर्वाचन आयोग की ब्रांड एम्बे सेडर सारिका घारू दमोह पहुंची । सारिका ने बताया कि आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह तथा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं । सारिका घारू द्वारा तैयार गतिविधियों के माध्यीम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कुम्हारी, मतदान केन्द्र में सारिका ने मतदाताओं को बताया कि दमोह प्रदेश का एकमात्र जिला है जिसका मध्येप्रदेश राज्यर निर्वाचन आयोग द्वारा पेपेरलेस इलेक्शन के नवाचार के लिये दोबार सिलेक्शरन किया गया है । सारिका ने बताया कि पेपरलेस बूथ में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन



डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले अमले की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे। इसमें निर्वाचन तो ईवीएम से ही होगा लेकिन कागजी कार्यवाही डिजिटल टूल्सल की मदद से की जायेगी । इससे जहां श्रम कम लगेगा वहीं एक्यूरेसी और इफिसियेंसी में सुधार होगा । इस अवसर पर मतदाताओं ने उत्सासह के साथ नारा दिया कि डिजिटल दमोह का नारा है, पेपरलेस इलेक्शेन मे बन रहा रिकार्ड हमारा है ।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील

**दमोह।** बटियागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक को प्रशासन द्वारा सील किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी एवं बीएमओ बटियागढ़ द्वारा स्वास्थ्य अमले के साथ संयुक्त रूप से की गई।

### सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला आज

**दमोह।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत आज 23 दिसम्बर 2025 को एक कार्यशाला शासकीय पीजी कॉलेज दमोह के ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर विकास प्रवीण फुलपगारे ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कार्यशाला में अनिवार्य रूप उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

### युवा संगम आज

**दमोह।** राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग भोपाल तथा जिला प्रशासन दमोह के निर्देशानुसार निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से आज 23 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर रोड दमोह में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस के अवसर उपलब्ध कराने निशुल्क युवा संगम का आयोजित किया जा रहा है।

### मरने से पहले किया वीडियो वायरल, मृतक के परिजनों ने सड़क पर किया धरना प्रदर्शन

# छात्राओं से छेड़छाड़ की शिकायत पर पुलिस कार्यवाही से भयभीत युवक ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विगत तीन दिन पूर्व नगर के लालटेक के पास स्कूल जा रही छात्राओं से मृतक व उसके साथियों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की सूचना डायल 112 पर छात्राओं द्वारा दी गई थी जिसकी तहकीकात करने हटा पुलिस मृतक के घर पहुंची थी और परिजनों से हटा थाना भेजने की बात पुलिस द्वारा कही गई थी जिससे मृतक ने भयभीत होकर नदी किनारे ईदगाह मस्जिद के पास नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और घटना के पूर्व मोबाइल से अपना वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। दरअसल विगत 20 दिसंबर शनिवार की दोपहर मृतक रीतेश बंसल, पिता रूपचंद बंसल, उम्र 18 वर्ष, निवासी शास्त्री वार्ड हटा अपने साथी अमन एवं श्री राम के साथ बाइक से लालटेक की तरफ जा रहे थे उस दौरान एमएलबी में अध्यनरत तीन छात्राएं साइकिल से स्कूल जा रही थी जहां रास्ते में मृतक के द्वारा छात्राओं को बाइक से टक्कर मारते हुए परेशान किया गया था जिसकी तुरंत ही छात्रा द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई थी एवं अपने परिजनों के साथ पुलिस थाना में लिखित शिकायत भी की गई थी जिसकी तस्दीक करने डायल 112 नियमों के पर पहुंचकर संबंधित व्यक्तियों की तलाश करने उनके घर पहुंची लेकिन वह घर पर उपस्थित नहीं मिले तब पुलिस ने परिजनों को



समझाइश देते हुए संबंधित व्यक्तियों को पुलिस थाना हटा भेजे जाने की बात कही गई थी। जिससे मृतक रीतेश ने जेल जाने की कार्यवाही से भयभीत होकर रविवार को नदी किनारे ईदगाह मस्जिद के पास नीम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

### मृतक ने मरने से पूर्व किया वीडियो जारी

मृतक रीतेश ने फांसी लगाने से पूर्व अपने मोबाइल से वीडियो बनाया जिसमें वह कह रहा है कि मैंने कोई गलती नहीं की और कई बार छात्राओं से माफी भी मांगी लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस में शिकायत कर दी जिससे बदनामी के डर से आत्महत्या कर रहा हूं। अपना वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों द्वारा शव को हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई जहां सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर बीएनएस एस के अंतर्गत पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

पुलिस की कार्यवाही से भयभीत मृतक रितेश द्वारा की गई आत्महत्या से आहत गुस्साए परिजनों द्वारा गढ़िया के पास चिरौल तिराहे पर शव को रखकर प्रदर्शन किया जहां पुलिस पर प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाते हुए मृतक की मां ने कहा कि मेरा पुत्र बेगुनाह था छात्राओं द्वारा झूठी शिकायत पुलिस में की गई थी जिससे पुलिस द्वारा जेल भेजने एवं घर पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी गई थी जिससे भयभीत होकर मेरे पुत्र ने आत्महत्या कर ली। काफी देर तक हंगामा करने के बाद थाना प्रभारी सुधीर बेगी की समझाइश पर कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने पर परिजनों द्वारा धरना प्रदर्शन बंद कर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### गणितीय संवाद का आयोजन

# गणित आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद है



**हिंडोरिया।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के मार्गदर्शन में शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी बांदकपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम के प्रथम चरण ने निबंधलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छात्रो ने विकसित भारत 2047 में गणित की भूमिका पर निबंध के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये।इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अगले चरण में उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रो को गणित के विषय मे जानकारी दी।जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने छात्रो को गणित के विषय मे समझाते हुए कहा कि गणित आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद है।वही शिवानी यादव ने स्वामी रामानुजन की गणितीय विरासत और वर्तमान भारत के बारे में बताया।राधिका सोनी ने विकसित भारत 2047 में गणित की भूमिका पर एवं कंचन कर्ण ने गणितीय नवाचार और आत्मनिर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी दी।इसके बाद उज्जैन से राष्ट्रीय कार्यशाला भारत मे वैदिक गणित की परंपरा एवं सूर्य उत्तरायण खगोलीय घटना अवलोकन पर लाइव प्रसारण छात्रो को दिखाया गया।इसके बाद छात्रो को पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।अंत मे कार्यक्रम समन्वयक मिशन जन जागृति युवा मंडल द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर देवकुमार दुबे, प्राचार्य धर्मेंद्र नामदेव,शिवम दुबे,केदारनाथ सेन,विभोर बिदौल्या,गोविंद शर्मा,मानवी जैन,मानसी सोनी,नीलम यादब,सुहानी चौबे,रचना नामदेव, शिवंशी चौबे, स्नेहा सोनी,रोशनी रजक,शिखा अग्रवाल,धर्मेंद्र सेन के साथ छात्रों की उपस्थिति रही।

## एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन



**दमोह।** ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में "गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक योगदान को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय गणितज्ञों द्वारा दिया गया शून्य, दशमलव पद्धति एवं बीजगणित का ज्ञान आज के आधुनिक विज्ञान की आधारशिला है। संगोष्ठी में डॉ. ममता अवस्थी, डॉ. रमेश अहिरवार, डॉ. के. एस. बामनिया एवं डॉ. राहुल दुबे ने विषय पर विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त एवं भास्कराचार्य के गणितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए भारतीय गणित की वैश्विक महत्ता को रेखांकित किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# गणित केवल एक विषय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दर्शन का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में गणित दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी. पी. चौधरी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चौधरी ने कहा कि गणित केवल एक विषय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दर्शन का विषय है। विभाग अध्यक्ष गणित डॉ. राजेश पौराणिक ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित विषयों में भारतीय गणितज्ञों का एवं मनीषियों का योगदान अभूतपूर्व है एवं गौरवशाली है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. अवधेश जैन ने कहा जिंदगी एक गणित है जिसमें दोस्तों को जोड़ना है, हमें निरंतर अध्ययन करना है। इसी के साथ छात्राओं ने रामानुजन द्वारा की गई अनेक महत्वपूर्ण समाज उपयोगी खोज पर अपनी बात रखी । बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मान मिश्रा ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में डॉ.रामानुजन जी का कार्य हमें गौरव से भर देता है। बीएससी तृतीय वर्ष की अन्वेषा मेहता ने डॉ.रामानुजन के जीवन से जुड़ी हुई अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं को रखा तथा बीएससी थर्ड ईयर की छात्रा पुणे लोधी ने एक गीत के माध्यम से गणित के संकेत को याद दिलाया। मंच का संचालन बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी नंदिनी पटेल ने किया तथा आभार हिंदी विभाग के प्रमुख डॉ. अवधेश जैन ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. एन पी नायक, डॉ. अरूणा एम जैन, डॉ. जया अहिरवार, डॉ. आर पी अहिरवार, डॉ राधा ताम्रकार, प्रीति वर्मा, डॉ. दिनेश पटेल, शिव शंकर मरकाम, डॉ. अजय सिंह, डॉ. चंद्रशेखर राठौर, डॉ. अनुभा सौदिया, डॉ. उमेश कुमार दीपांकर, डॉ. अमिता श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार, श्रीमती करिश्मा कटारे समस्त स्टाफ एवं छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## पंचायत मंत्री श्री पटेल 23 से 25 दिसम्बर तक दमोह प्रवास पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 23 दिसंबर 2025 को अपराह्न 03 बजे ग्राम पंचायत गढ़ौला खांडे जनपद पंचायत बटियागढ़ आएंगे। आप ग्राम पंचायत गढ़ौला खांडे के सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात मंत्री श्री पटेल अपराह्न 04 बजे अटल सुशासन भवन जनपद पंचायत बटियागढ़ का भूमि पूजन करेंगे। आप अपराह्न ने 4:30 बजे बटियागढ़ से प्रस्थान कर 05 बजे जरारूधाम गौ-अभ्यारण आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री श्री पटेल 24 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे अटल सुशासन भवन जनपद पंचायत हटा का भूमि पूजन करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 11:40 बजे हटा से प्रस्थान कर दोपहर 12:10 बजे सर्किट हाउस दमोह आएंगे। आप दोपहर 01 बजे अटल उद्यान बेलाताल परिसर में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा का अनावरण एवं जिला पंचायत के 39 करोड रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न 114 कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। आप शाम 04 बजे अटल उद्यान बेलाताल परिसर से प्रस्थान कर सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। पंचायत मंत्री श्री पटेल 25 दिसंबर दिन गुरुवार को प्रातः 09 बजे अटल उद्यान बेलाताल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 9:20 बजे दमोह से प्रस्थान रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन दमोह इकाई की समन्वयात्मक बैठक सम्पन्न

**दमोह।** इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन दमोह इकाई की एक समन्वयात्मक बैठक एक निजी होटल में गत दिवस आयोजित की गई। बैठक में आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. संजीव सिंघई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं-योजनाओं के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. आर.के. अठया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर संचालन हेतु आईएमए सदस्यों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त किये जाने का अनुरोध किया, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यगणों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक में कहा गया कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र के आपसी समन्वय से सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

## बरधारी हाई स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**दमोह।** दमोह के शासकीय हाई स्कूल बरधारी में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्रों, ज्यामितीय आकृतियों के चार्ट तथा आकर्षक मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी का अवलोकन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जहां छात्रों की रचनात्मक सोच और मेहनत की सराहना की गई। गणित शिक्षक द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, उनके योगदान और गणित के प्रति उनके अद्भुत दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वहीं प्रभारी प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को गणित के महत्व और दैनिक जीवन में इसके उपयोग से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को गणित आधारित खेल एवं गतिविधियां कराई गईं, जिससे विषय के प्रति रुचि और समझ को बढ़ावा मिला। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य बी.आर. अहिरवार सहित शिक्षक आर.के. दुबे, सुरेश कुमार मुड़ा, डालचंद असाटी, श्रीमती रिचा सोनी, राजेश अहिरवार एवं खिलान सेन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाया।

## पुत्ररत्न की प्राप्ति पर मंदिर में कराया सुंदरकांड

**हिनौता।** ग्राम हिनौता के प्रतिष्ठित कस्तोर परिवार मैं पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसकी खुशी में मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। परिजनों का कहना है कि शीतला माता की असीम कृपा से उनके घर में एक वंश परंपरा में वृद्धि हुई। मां शीतला के प्रति उनका अटूट विश्वास है । आज शीतला माता को फल चढ़ा कर आशीर्वाद लिया। दादा स्वर्गीय केदार कस्तोर के पोते एवं पिता निलेश के पुत्र का नाम निहाल कस्तोर रखा गया। समस्त कस्तोर परिवार में हर्ष व्याप्त है और खुशियां मनाई जा रही है।

## बीएसएनएल शाखा के लिए सर्व सम्मति से नई कार्यकारणी

**दमोह।** दमोह जिला शाखा के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025 - 26 के लिए पेंसनर यूनियन दमोह बीएसएनएल शाखा के लिए सर्व सम्मति से नई कार्य कारणी घोषित की गई। इसमें अध्यक्ष आरसी पटैल, जिला सचिव व्हींव्ही खरे, कोषाध्यक्ष आरडी श्रीवास्तव, उपयाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, उपसचिव हरगोविंद रायकवार, संगठन सचिव मां. हुसैन, कार्यकारणी सदस्य भगवान सिंह गौतम, श्यामकांत, राजेन्द्र प्रसाद यादव, आरएस राजपूत, वंशराज यादव, इकलाख खान, वाहिद खान, फजल खान, राम प्रसाद राठौर, बलराम पाटकर, मो सलीम, राजकुमार जैन, हरिशंकर सींग ठाकुर को रखा गया जो कि संगठन के कार्यो में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पेंशनर्स के हित में कार्य करेंगे।

## यदि सनातनी हैं तो अपने सनातन की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है : पूजा शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पथरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में दो दिवसीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ 21 दिसंबर दोपहर 12 बजे से किया गया जिसका समापन 22 दिसंबर दोपहर 12 बजे नरसिंहगढ़ राम मंदिर परिसर में हुआ मंदिर परिसर मां मय वातावरण रहा 24 घंटे अखंड मां भगवती का गुणगान चलता रहा। समापन बेला में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम से चलकर भगवती मानव कल्याण संगठन की। केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला दीदी जी का शुभ आगमन हुआ जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए कहा प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि अपने धर्म की रक्षा करें राष्ट्र की रक्षा करें और मानवता की सेवा करें। मानवता की सेवा करना सिर्फ दिखावा नहीं बल्कि मानव में मूल्य की स्थापना करना यदि हम सनातनी हैं तो अपने धर्म का कट्टरता से पालन करना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा ताकि हमारे बच्चे धर्म के मार्ग से भटक न पाएं आगामी 2026 में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम दो दिवसीय योग साधना शक्ति चेतना जनजागरण शिविर 22-23 जनवरी को किया जा रहा है जिसमें आप सभी को आमंत्रित करतीं हूं एक बार पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम पहुंचकर गुरुवर श्री जी द्वारा चलाएं जा रहे जनकल्याणकारी कृमो का लाभ प्राप्त कर के लिखिए आपका जीवन निश्चित रूप से बदल जाएगा। आयोजन में हजारों मां भक्तों की उपस्थिति रही जिसमें पथरिया विधायक पुत्र लगी पटेल जिला उपाध्यक्ष रंजिता गोरव एवं भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस मां की गरिमामई उपस्थिति रही और जनप्रतिनिधि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री के पुत्र लोकेंद्र पटेल उर्फ लकी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल जनपद सदस्य ललती संतोष मोदी की उपस्थिति रही। मां भक्तों को संगठन द्वारा निःशुल्क शक्तिजल एवं प्रसाद वितरण किया गया। सभी का आभार भूपेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

# बांदकपुर में हुआ किसान मिलन एवं सम्मान समारोह

### गर्मी में मूंग पैदावार से जिले में 14000 किसानों ने मूंग का पंजीयन कराया नई तकनीकी, योजनाएं नई किस्म के बीजों सभी का योगदान, जिले भर से आए किसानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आधुनिक खेती, सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहायता केंद्र और राज्य सरकार की किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों के जीवन में सकारात्मक और महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इसमें सबसे बड़ा योगदान सरकार की सिंचाई योजनाओं का भी है सिंचाई का रकबा प्रदेश में तेजी से बढ़ा है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बांदकपुर स्थित रूद्र मैदान में किसानों के हित में 'किसान मिलन एवं सम्मान समारोह' में व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, नरेंद्र व्यास, शिवचरण पटेल, मनीषा तिवारी, सिद्धार्थ मलैया, सत्येंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जिले में भी सिंचाई के रकबे में काफी बढ़ा है, जिले में कभी मूंग गर्मी में हुआ नहीं करती थी हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि जिले में गर्मी में मूंग पैदावार होगी जिले में 14000 किसानों ने मूंग का पंजीयन कराया था फसल भी भरपूर हुई। नई तकनीक को जाने समझे और समझकर खेती करें, नई तकनीकी नई योजनाएं नई किस्म के बीजों सभी का योगदान खेती को बेहतर से बेहतर करने में रहा है। उन्होंने कहा एक जगह पर यहां सारे कंपनियों के उपकरणों का प्रदर्शन हुआ है, किसान भाई उन्नत उपकरणों से लाभान्वित होंगे, इसके बारे में जानेंगे और उसका उपयोग करेंगे। राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने दुग्ध उत्पादन योजना के संबंध में कहा



हम इस कार्य को बेहतर से बेहतर तरीके से करें, निश्चित ही आपके लिए बहुत ही लाभदायक होगा । इस व्यवसाय को नई सोच नए तरीके से करें, यह आपको खेती के बराबर लाभ देने वाला बन सकता है।

इस अवसर पर सिद्धार्थ मलैया, सतेन्द्र सिंह और राजकुमार जैन ने भी किसानों को सम्बोधित किया। समारोह के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, यंत्रीकरण और वैज्ञानिक तरीकों से खेती को अधिक लाभकारी बनाने की जानकारी दी। साथ ही केंद्र एवं राज्य शासन की कृषि एवं पशुपालन योजनाओं, अनुदान, सब्सिडी और बीमा से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने उपस्थित सभी किसानों को नए वर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में दमोह जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस अवसर पर जिले भर से आए प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, आपसी संवाद को मजबूत करना और उनके कार्यों का उत्साहवर्धन करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन सन्मति कृषि यंत्रालय जबलपुर नाका दमोह के संचालक राजकुमार जैन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कोबोटा कंपनी द्वारा विशेष सर्विस कैंप लगाया गया , जिसमें किसानों को ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों की सर्विस, रखरखाव और तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसे देखने के लिए किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया।

एसडीओपी प्रिया सिंधी, तहसीलदार प्रीतम सिंह, राजू कमल ठाकुर, चटन पटेल, बृजेश सिंह, महेश पटेल, अखिलेश तिवारी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।